स्पीक्स टू अमरीका' पुस्तक की रचना की, जिसका प्रकाशन अमरीका से अप्रैल, 1966 में हुआ और भारतीय संस्करण उसी वर्श नवम्बर मास में प्रकाशित हुआ।

वे सिविल सेवा से 1965 में सेवा–निवृत हुए और 15 सितम्बर, 1967 से निधन तक हरियाणा के राज्यपाल के पद पर आसीन रहे। पंजाब विश्वसिद्यालय ने 5 फरवरी, 1972 को उन्हे 'डाक्टर ऑफ–लॉ' की उपाधि प्रदान की।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

इसी प्रकार, अध्यक्ष महोदय, श्री अब्दुल गफ्फार खां, हमारे कितने पुरानी साथी थे, स्वतन्त्रता सेनानी थे। वर्शो तक वे संयुक्त पंजाब में और इस सदन में आप और हम सब के साथ काम करते रहे, उनका निधन भी हमारे लिये दुखदपूर्ण है। अध्यक्ष महोदय, मौत के सामने किसी का जोर नहीं चलता।

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री श्री अब्दुल गफ्फार खां के 16 जून, 1976 को हुए दु:खद निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है।

श्री अब्दुल गफ्फार खां का जन्म जिला अम्बाला के गांव लाहा में हुआ था। वे देश के स्वतन्त्रता–संग्राम में भाग लेने वाले अग्रणी सेनारियों में से थे। उन्होंने मातृभूमि को स्वतन्त्र करवाने के लिए कठोर संघर्श किया। श्री गफ्फार खां ने स्वतन्त्रता–आन्दोलन

में मुख्य भूमिका निभाई थी और वे 1921 से 1947 तक स्वतन्त्रता–संग्राम के दौरान कई बार जेल गये। उन्होंने वर्शो तक अम्बाला जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान के पद पर दायित्व निभाया। 1971 तक वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे।

श्री गफ्फार खां 1956 में अमृतसर कांग्रेस अधिवेशन की स्वागत समिति के अध्यक्ष तथा 1969 में फरीदाबाद में हुए भारतीय राश्ट्रीय कांग्रेस के 72वे अधिवेशन की स्वागत समिति के उपसभापति नियुक्ति किए गए थे।

वे 1952 से 1967 तक तथा 1968 से 1972 तक विधानसभा के सदस्य रहे। उन्होने हरियाणा मन्त्री मण्डल में लगभग दो वर्शो तक मंत्री के पद का दायित्व निभाया तथा 1972 में उन्होंने राजनीति से सन्यास ले लिया।

श्री गफ्फार खा धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक थे उनके निधन से देश में स्वतन्त्रता संग्राम का एक महान योद्धा खो दिया है और हरियाणा एक अनुभवी एवम् धर्मनिरपेक्षतावादी नेता की सेवाओं से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के शौक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

इसी प्रकार अध्यक्ष महोदय, श्री निरंजन सिंह तालिब यदपि विभाजन के पश्चात वे पंजाब में चले गए थे लेकिन

हरियाणा में भी हमारे बहुत सारे साथी है। जिनको इस बात का सौभाग्य प्राप्त है कि उन्होंने उनके साथ मिलकर देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और इस काम में पूरा सहयोग दिया।

यह सदन राज्यसभा के सदस्य श्री निरंजर सिंह तालिब 28 मई, 1976 को हुए आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है।

श्री निरंजन सिंह तालिब का जन्म 1901 में पंजाब प्रदेश के जिला पटियाला के अन्तर्गत नाभा में हुआ। राजकीय हाई स्कूल, नाभा से मैट्रिक परीक्षा उतीर्ण करने के पश्चात उन्होने खालसा कालेज, अमृतसर में प्रवेश लिया, परन्तु असहयोग आन्दोलन के दौरान उन्होंने राश्ट्रपिता महात्मा गांधी के आहवान पर 1921 में अपनी पढाई छोड दी।

उन्होंने नाभा के तत्कालीन राश्ट्रवादी महाराजा के, जिन्हे ब्रिटिश सरकार की गतिविधियों के लिए सिंहासनच्युत करके राज्य से निर्वासित कर, कोडाई कनाल में नजरबन्द रखा गया है, निजी सचिव के रूप में काम किया श्री ताबिल जेल में उनके साथ तीन वर्श तक रहे।

इसके पश्चात श्री तालिब कलकता में बस गए और वहां से उन्होंने 1930 में एक पंजाबी दैनिक पत्र देशदर्पण का प्रकाशन आरम्भ किया। यह दैनिक–पत्र दिवतीय विश्व–युद्ध के अन्त तक

प्रकाशित किया जाता रहा। इसी अवधि के दौरान उन्हें राश्ट्रवादी लेख लिखने के लिए कई बार दण्डित किया गया।

श्री तालिब कलकत्ता में नेताजी सुभाश चन्द्र बोस के सम्पर्क में आये। नेताजी के कलकता के अदृश्य हो जाने पर श्री तालिब को गिरफ्तार करके पूछताछ करने तथा मुकदमा चलाने के लिए लाहौर किले में ले जाया गया। वहां उन्हें सात मास तक एकान्त कारावास में रखा गया।

श्री तालिब ने 1957 से 1967 तक विधायक, उपमंत्री, राज्यमंत्री तथा कैबिनेट स्तर के मंत्री के पदों का दायित्व निभाते हुए पंजाब की सेवा की।

श्री तालिब 1972 मे पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। गत वर्श पंजाब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वे राज्य सभा के लिए चुने गए।

उनके निधन से देश एक अग्रणी स्वतन्त्रता–सेनानी तथा प्रख्यात देशभक्त और राजमर्मज्ञ की सेवाओं से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

यह सदन भूतपूर्व केन्द्रीय औद्योगिक विकास मंत्री श्री मोइनुल हक चौ. के 13 फरवरी, 1976 को हुए असामयिक निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करता है।

श्री चौ. का जन्म 1923 में हुआ और उन्होंने कांटन कालेज, गोहाटी तथा प्रेसीडेन्सी कालेज, कलकता एवं अलीगढत्र विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की। अलीगढ़ विश्वविद्यालय से ही उन्होंने पोस्ट ग्रेजुऐट डिग्री प्राप्त की। उन्होंने लॉ की डिग्री भी प्राप्त की। बाद में उन्होंने प्रैक्टिस आरम्भ कर दी।

श्री चौ. असम विधान सभा के सदस्य बनें। 1957 और 1962 में वे पुनः असम विधान सीाा के लिए निर्वाचित हुए तथा असम राज्य मंत्रिमण्डल में 1957–67 के दौरान मंत्री के पद पर रहे।

श्री चौ. मार्च, 1971 में केन्द्रीय सरकार में औद्योगिक विकास एवं आन्तरिक व्यापार मंत्री बने। किन्तु जुलाई, 1972 में उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल से त्याग–पत्र दे दिया।

उनके निधन से देश एक देशभक्त एंव होनहार ओजस्वी नेात की सेवाओं से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

यह सदन भूतपूर्व केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री के.सी. रेड्डी के 28 फरवरी, 1976 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शौक व्यक्त करता है।

श्री के.सी. रेड्डी का जन्म 1902 में हुआ। वे 1935 से 1937 तक मैसूर लोक–संघ के अध्यक्ष पद पर रहे। उन्होंने कुछ समय तक 'जनवाणी' के सम्पादक पद पर भी कार्य किया। 1937–1938 में वे मैसूर राज्य कांग्रेस के प्रधान बने।

उन्होंने मैसूर राज्य में उतरदायी सरकार की स्थापना के लिए 1946–47 में सत्याग्रह का आरम्भ किया। 1947 में वे राज्य के मुख्यमंत्री बने और इस पद पर 1952 तक आसीन रहे। 1952 मे ंवे केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में सम्मिलित हुए तथा उत्पादन मंत्री बने। किन्तु बाद में उन्होंने लोक निर्माण, आवास एवं पूर्ति मंत्रालयों का कार्य–भार सम्भाला।

श्री रेड्डी 1961 में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के पदर पर आसीन हुए, किन्तु 1963 में उन्होंने इस पर पर से त्यागपत्र दे दिया। इसके तत्काल पश्चात् वे कांग्रेस संसदीय दल के उप नेता चुन लिए गए।

श्री रेड्डी को 1965 में मध्य प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया। इस पर से वे 1971 में सेवा निवृत्त हुए।

उनके निधन से देश एक अग्रणय स्वतन्त्रता सेनानी, महान् देशभक्त, राजनीतिज्ञ तथा एक योग्य प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

यह सदन केन्द्रीय सरकार में भूतपूर्व विदेश उपमंत्री श्री अनिल कुमार चन्दा के 21 अप्रैल, 1976 को हुए दुःखद निधन पर गहन शोक व्यक्त करता है।

श्री चन्दा का जन्म 1906 में सिल्चर में हुआ। उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा सिल्चर तथा शान्तिनिकेतन में प्राप्त की। उन्होंने ढाका विश्वविद्यालय से कॉमर्स में डिग्री प्राप्त की और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वे इग्लैण्ड गये।

श्री चन्दा 1947 में संविधान सभा के सदस्य थे और 1952 में वे संसद सदस्य निर्वाचित हुए। इसके बाद 1957 तथा 1962 में वे पुनः संसद के लिए चुने गये। वे केन्द्रीय सरकार में विदेश उपमंत्री रहे तथा तत्पश्चात् 1952 से 1962 तक उन्होंने लोक निर्माण, आवास एवं संभरण मंत्रालयों के कार्यभार को सम्भाला।

श्री चन्दा ने 1953 में संयुक्त राश्ट्र महासभा के आठवें अधिवेशन में भारतीय शिश्टमण्डल के सदस्य के रूप में भाग लिया। 1955 में उन्होंने चीन जाने वाले भारतीय सांस्कृतिक शिश्टमण्डल का नेतृत्व किया और बाद के वर्शो में तो वे रूस, युगोस्लाबिया तथा दूसरे पूर्वी योरोपीय देशों में भी गए।

उनके निधन से देश ने एक योग्य राजनीतिज्ञ एवं देशभक्त खो दिया है।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनींी हाार्दिक संवेदना प्रकट करता है। यह सदन मध्य भारत के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री तख्तमल जैन के 7 जून, 1976 को हुए दु:खद निधन पर गहरा शौक व्यक्त करता है।

श्री तख्तमल जैन का जन्म 1895 में हुआ। उन्होंने ग्वालियर राज्य वकील परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विदिशा में प्रैक्टिस आरम्भ की। वे कई वर्शों तक ग्वालियर राज्य के मजलिसे–आम तथा मजलिस कानून के सदस्य रहे। उन्होंने 1930 से 1939 तक विदिशा नगरपालिका के उप–सभापति तगि 1939–1940 में इसके सभापति के पद को सुशोभित किया।

वे पहले जन–नेता थे, जिन्होंने 1940 में ग्वालियर राज्य में जनता के प्रतिनिधि मंत्री के रूप में ग्राम कल्याण एवं स्थानीय स्वायत्त शासन का कार्यभार सम्भाला। किन्तु 1942 में उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने 1947–48 में ग्वालियर राज्य के वित्त मंत्री के पद का दायित्व निभाया।

श्री जैन 1950 में मध्य भारत के मुख्यमंत्री बने और इस पद पर 1952 तक आसीन रहे। वे 1953 में मध्य भारत प्रदेश कांग्रेस के प्रधान थे।

श्री जैन 1956 से 1958 तक मध्य प्रदेश में वाणिज्य, उद्योग तथा कृशि मंत्री रहे। 1958–से 1960 तक वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रहे।

उनके निधन से देश एक योग्य प्रशासक एवं देशभक्त की सेवाओं से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

यह सदन भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधिपति श्री कोका सुब्बा राव के 6 मई, 1976 को हुए दुखद निधन पर गहन शोक प्रकट करता है।

श्री सुब्बा राव का जन्म 1902 में हुआ। उन्होंने बी.ए. की परीक्षा आर्टस कालेज, राजमुंद्री से पास की और लॉ की डिग्री मद्रास से प्राप्त की। इसके पश्चात् 1926 में उन्होंने वकालत आरम्भ की। एक एफल वकील के रूप में उन्होंने शीघ्र ही अपना प्रमुख स्थान बना लिया।

श्री सुब्बा राव को 1948 में न्यायपीठ का दायितव सौंपा गया और 1954 में वे उच्च न्यायालय, आन्ध्र प्रदेश के मुख्य न्यायाधिपति के पद पर आसीन हुए।

वे उच्चतम न्यायालय के 1958 में न्यायाधीश बने और 1966 में भारत के मुख्य न्यायाधिपति बनाये गए। किन्तु 1967 में उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

उनके निधन से देश एक विख्यात विधिवेत्ता की सेवाओं से वंचित हो गया हैं यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपपनी हार्दिक सवेदना व्यक्त करता है।

15.00 बजे

यह सदन पंजाब विधान सभा के सदस्य डॉक्अर अमीर सिंह कालकट के 8 मार्च, 1976 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

डा. अमीर सिंह कालकट का जन्म पहली अगस्त, 1924 काो जालन्धर छावनी में हुआं वे लगभग दो दशक तक सार्वजनिक सेवा के कार्य में संलग्न रहे तथा उन्होंने नगरपालिका के प्रधान एवं जनता सहकारी चीनी मिल के निदेशक के महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निभाया।

वे चिकित्सक और एक कर्मठ कृशक थे। वे 1969 में पंजाब विधान सभा के लिए टाण्डा निर्वाचन–क्षेत्र से चुने गये। इसके बाद 1972 के आम चुनावों में वे पुनः उसी चुनाव क्षेत्र से पंजाब विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों से अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

चौ. दल सिंह (जींद): अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने जो शोक प्रस्ताव पेश किया है, मैं उनके लिए संवेदना करता हूं।

जब कभी भी हम इस सैशन में आते हैं, तो देश के कुछ महान व्यक्ति चले जाते हैं। हम उनको श्रद्धाजलि अर्पित करते हैं। इस बार भी इस देश के नौ महान व्यक्ति जिनका इस लिस्ट में नाम दर्ज है, हमारे बीच से बिछुड गए हैं, जिनकी सेवाओं से देश वंचित हो गया है। व्यक्ति चला जाता है लेकिन वह अपने पीछे कुछ असूल, कुछ रवायतें, इख्लाक और आदर्श छोड़ जाता है। जितने महान व्यक्ति हमसे बिछड़े उनके बहुत अच्छे आदर्श थे, बहुत अच्छे असूल थे। मैं समझता हूं कि यदि हम उनकी बताई गई अच्छी बातों पर, उनके बताए रास्तों पर चलें, तो यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

हमारे राज्यपाल महोदय में एक विशेशता थी कि वे एक धार्मिक व्यक्ति थे। इस मैदान में रहने वाली महान आत्माएं या महान व्यक्ति आमतौर पर धार्मिक विचारों से दूर रहते हैं। हमारे शास्त्र भी कहते हैं ''यतो धर्म ततो जयः''। जहां धर्म होता है, वहां धर्म की जय होती है। शास्त्र यह भी कहते हैं ''धर्म व रक्षांत रक्षतः धर्मेव हतो हन्ति।'' धम्र की जो रक्षा करते है, धर्म उनकी रक्षा करता है। धर्म की जो अहेलना करते हैं, धर्म उनको मार देता है। हमारे राज्यपाल ने इसी असूल का पालन किया था। सरकार भी अगर आज इस भ्रश्ट जमाने में इस तरफ ध्यान दे तो वह राज्यपाल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

और भी जो इसमें महान व्यक्ति हैं, उसमें से खान अब्दुल गफ्फार खां हमारे बहुत नजदीक रहे हैं, वे भी धर्म–निर्पेक्षता

के प्रतीक स्तम्भ थे उन्होनें साबित कर दिया है कि ऐसे व्यक्ति की इज्जत हो सकती है, जिसकी केवल एक वोट थी। सरकार को ध्यान देना चाहिए कि देश मे ंजो जात–पात की बीमारियां फैली हुई है, उनको दूर करके एक उदाहरण रखना चाहिए। वे हमेशा उस इलाके से आते थे, जहां हिन्दुओं की मैजोरिटी थी।

सरदार निरंजन सिंह तालिब हमारे बीच रहे। डिप्टी मिनिस्टर, स्टेट मिनिस्टर, मिनिस्टर और पंजाब प्रदेश कांग्रेस के प्रेजीडैन्ट रहे। उनके सम्पर्क में मुझे बहुत रहने का मौका मिला कभी उनके दिमांग में हमने गुस्सा नहीं देखा, यह उनके अन्दर एक बड़ा गुण था, विशेशता थी। उनके इस एक गुध का, स्वभाव का हमें फायदा उठाना चाहिए।

इस प्रकार जो दूसरे साथी हे, तख्तमल जैन, वे भी बहुत सुलझें और सज्जन आदमी थे। हमारे जितने नेता हुए है, सभी ने मार्ग प्रदर्शित किया हैं देशवासियों की सच्ची श्रद्धांजलि तभी हो सकती है, जब उनके बताए मार्ग पर चलें। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वह उनके घर वालों की इस क्षति को पूरा करे, उनको ताकत दे कि इस सदमें को बर्दाश्त करें।

चौ. प्रताप सिंह दौलता (बेरी):1956–62 तक हमारे स्वर्गीय गवन्नर महोदय कमोवेश हिन्दुस्ता से बाहर रहे। 1956 मे ंवे सीलोन से आए और 1962 में स्पेशल रिप्रैजेटेटिव बन गए। वे जवाहर लाल नेहरू के पर्सनल स्टाफ में रहे। 1960 में जब रोहतक

डिस्ट्रिक्ट में फ्लडज आए, तो मैं प्राइम–मिनिस्टर पंडित नेहरू को पर्सनली मिलने गया था। उस वक्त वै हवाई जहाज के जरिए, मेरे हलके में फलड देखकर गए थे। जब यूनाइटिड फ्रण्ट की मिनिस्ट्री थी, मैंने उनको बा–हैसियल गवर्नर देखा। वे अपनी एड–वाइस दिए बगैर, जो बुजुर्गाना होती थी, नहीं रहते थे। वे ऐसा करने से बिल्कुल नहीं झिझकते थे। वे अपने आपको एडमिनिस्ट्रेशन का पार्ट ऐंड पार्सल समझते थे और बड़े इनफार्मल तरीके सै बुलाकर बात करते थे। वे हिन्दुस्तान के सिर्फ अकेले गवर्नर थे, जिन्होंने हरियाणा में फ्रण्ट गवर्नमैंट को डिजाल्व कराने के लिए जब रिपोर्ट पेश की, तो उसमें लिखा कि कांग्रेस रूलिंग पार्टी ने अपनी डिफीट को ग्रेस के साथ नहीं लिया और अपोजीशन की मिनिस्ट्री को फंक्शन नहीं करने दिया। वे पहले और आखिरी गवर्नर हैं, जिन्होंने ये अल्फाज अपनी रिपोट्ट मे दिए। उनसे पहले और बाद में किसी ने इस तरह की बात अपनी रिपोर्ट में नहीं लिखी। उनके बाारे में सी.एम. साहब ने कहा कि वे बेहतरीन हरियाणवी थे, लेकन मैं कहता हूं कि वे एक हरियाणवी से ज्यादा बेहतरीन थे। जिस वक्त गवर्नर रूल आया, उस वक्त हाई कोर्ट से कुछ नॉन–हरियाणवीज को हरियाणा के कोर्ट में जजशिप के लिए रिकोमैंड किया गया, लेकिन वे न सिर्फ यहां चीफ जस्टिस से लड़े, बल्कि फाईल स्वयं लेकर होम मिनिस्ट्री में गए और कहा कि जब तक मैं गवर्नर हूं, तब तक हरियाणा के कोटै में से कोई नॉन–हरियाणवी जज नहीं बन सकता, क्योंकि यह स्टेट ऐसी है, जो आउटसाईडर्ज से रूल होती रही है। यह बात हाईकोर्ट की

फाईल पर मौजूद है, लेकिन यह बात दूसरी है कि जब रिप्रैजैन्टेटिव गवर्नमैंट आई, तो वही आदमी बड़े से बड़े ओहदे पर हरियाणा के कोटे से विराजमान हुए। उनको तो भगवान तरक्की का और मौका दे, लेकिन एक नान–हरियाणवी गवर्नर के बारे में, जो पाकिस्तान में पैदा हुआ, कलकत्ता में मरा, मैं यह कहना चाहता हूं कि उनकी आत्मा बा–हैसियत गवर्नर हरियाणा के साथ थी और मरने के बाद भी अगर आत्मा जिन्दा हे, तो वह हरियाणा के साथ रहेगी। इन अलफाज के साथ उनको मैं अपनी अकीदत पेशकरता हूं।

खान अब्दुल गफ्फार खां, स्पीकर साहब, हमाारे बेहतरीन साथी थेा, फ्रीडम फाइटरर थे और उनके करैक्टर की जो चीज मुझे बहुत अच्छी लगी, वह यह थी कि मेरा बहुत सारे मुसलमान कांग्रेसी मैम्बरों से वास्ता पड़ा। मैंने तकरीबन सभी बड़े–बड़े मुसलमान कांग्रेसी मिनिस्टर भी देखे लेकिन उनकी तरह, सिवाय मौलाना आजाद के, वे कभी अपोलीजैटिक नहीं थे कि वे मुसलमाान हैं और हिन्दुस्तान में मिनिस्टर हैं। सन् 1947 के वाक्यात के बाद जिनते भी मुसलमान यहां रह गए, वे अपने आापको बुझा–सा समझते थे, लेकिन खान अब्दुल गफ्फार खां डंके की चोट अपने आपको हिन्दुस्तानी समझते थे, डंके की चोट कांग्रेसी समझते थे, जिनसे उनके इख्तलाफात थे, उनसे वे दबे नहीं। चीफ मिनिस्टर तक से वे दबे नहीं, कोई कमजोरी उनमें नहीं आई। उनका सारा खानदान पाकिस्तान चला गया, लेकिन वे

बेहतरीन और मजबूत हिन्दुस्तानी थे। यह क्रैडिट है हिन्दुस्तान की उस डैमोक्रेसी को जो पंडित जवाहर लाल नेहरू के साए में पली थी। इसका क्रैडिट उनको भी जाता है, क्योंकि वे वे इन्सान थे, जो केवल एक वोट से हिन्दुस्तान में मौजूद थे। 1957 मे उनकी धर्मपत्नी अल्लाह को प्यारी हुई। बेटे पाकिस्तान में थे। अब वे हिन्दुस्तान में आए थे। मुझ से भी वे मिले। आज भी वे हिन्दुस्तान में हैं। वे उकाड़ा में आबाद हुए है। मेरा यह सब कहने का मतलब यह है कि उनके बच्चे, भतीजे आदि तो सब पाकिस्तान में चले गए, लेकिन वे अकेले डटकर हिन्दुस्तान में रहे। मैं उनके लिए इन अल्फाज के साथ अकीददत पेश करता हूं कि वे वे मुसलमाान सख्श हैं, जिनमें कभी भी इस बात का बहम नहीं आता कि वे कांग्रेस के घटिया मैम्बर हैं या हिन्दुस्तान के घटिया सिटिजन हैं।

निरंजन सिंह तालिब के बारे में, स्पीकर साहब, मैं इतना ही कहूंगा कि पंजाब से हमने एक बेहतरीन आदमी को खो दिया है। पंजाब के ऐडमिनिस्ट्रेटिव डिवीजन को उन्होंने अपने मन को बहुत लगाया था। उनकी निगाह में हर पंजाबी हरियाणवी पंजाबी था और हर पंजाबी हरियाणवी था। वे पंजाबी होने के कारण ही मेरे पड़ौसी नहीं थे, लेकिन वैसे भी हम तकरीबन एक ही जगह, एक ही गली में रहते चले आए थे। मुझे मालूम है कि वे कभी भी इस बात का बुरा नहीं मनाते थे कि हरियाणा तरक्की क्यों कर रहा है, बल्कि वे खुश होते थे। इन जजबात के साथ मैं उनके लिए भी अपनी अकीदत पेश करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, फार्मरर चीफ जस्टिस मिस्टर सूबा राव के बारे में भी मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूं। जज तो आते रहते हैं और जाते रहते हैं, लेकिन ये वे जज थे, जिन्होंने कभी किसी वकील को कच्ची पेशी में क्वैश्चन पुट नहीं किया। वकील जो बात कहता था, उसको वे ध्यान से सुनते थे। 1957 से 1962 तक जब मैं पार्लियामैंट का मैम्बर था, सुप्रीम कोर्ट की बार का भी मैं रैगुलर मैम्बर रहा। एक रोज उन्होंने एसोसिएशन की मीटिंग में अपना तजरूबा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वे फैडरल कोर्ट में थे, तो एक दिन वे बड़े तेयार होकर आए। उस वक्त चीफ जस्टिस कानियापुनी जज थे। चीफ जस्टिस नहीं बने थे। उनके खड़े होते ही दौ तीन सवाल उन्होंने इस तरह से पूछे कि जो कुछ उन्हें याद था, वह सब भूल गया। इससे उन्हें बड़ी परेशानी हुई और अपनी लाईफ में उन्होंने इस बात से सबक लेकर के कभी किसी वकील को कच्ची पेशी में इन्ट्रप्ट नहीं किया। वे बउ़े कर्टियस जज थे। बाद में जो उन्होंने इस्तीफा दिया, वह कोई बहुत याद रखने वाली बात नहीं हैं जुडीशियरी से एक कन्ट्रोवर्शियल इलैक्शन के लिए रिटायर होना जुडिशियरी की शान के शांया नहीं।

स्पीकर साहब, एक और हस्ती डिप्टी कमिश्नर रोहतक की गलती की वजह से इस आब्चुअरी रैफ्रैसिज की लिस्ट में शामिल होने से रह गई है। वे है मास्टर बलदेव सिंह, एम.एल.सी.। डिप्टी कमिश्नर रोहतक को उनके बारे मे आपके सैक्रेटेरिएट को इत्तलाह देनी चाहिए थी। मैं उनको भी अकीदत पेश करता हूं।

बहुत दिनों तक वे कांग्रेस प्रेजीडैन्ट रहे। वे एम.एल.सी. भी रहे। वे बड़े मेहनती थे। उनकी सबसे बड़ी गिफ्ट हमारे लिए जाट कालेज रोहतक है। वह एजुकेशन की एक पायनीयर इंस्टिच्युशन है, हालांकि उसके बाद उन्होंने और भी बहुत सारे स्कूल खोले। ज्यादा समय न लेते हुए स्पीकर साहब, इन अल्फाज के साथ मैं मास्टर बलदेव सिंह और दूसरे सभी महापुरूशो की खिदमत में अपने जजबात उन जजबात से बाबस्ता करता हूं जो लीडर आफ दी हाउस ने हमारे सामने एक्सप्रैस किए।

चौ. फूल चन्द (रोहट–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, हाउस के लीडर ने दिवंगत आत्माओं के लिए जो शोक प्रस्ताव पेश किया है मेरी उससे बहुत हार्दिक सहानुभूति है। उन लोगो में से कुछ लोगों से तो मेरी जाति वाकफियत रही है। चक्रवर्ती जी के सम्मान में गुप्ता जी ने बहुत उल्लेखनीय बात कही। मुझे भी इस बात का गर्व है। मैंने कई बार उनसे मुलाकात भी की और उनको सुना भी। मुझे तो यों महसूस होता है कि वे बहुत बड़े काबिल आदमी हुए अपनी योग्यता की वजह से, हर तरह की काबलियत की वजह से, चाहे वह ऐडमिनिस्ट्रेशन की हो, चाहे वह राजनीति की हो, चाहे वह समाज की हो, और चाहे धर्म के कामों की हो। इतनी भरपूर काबलियत उनमें थी कि अगर मैं यह कहूं कि वे एक अदारा थे, इंस्टीच्यूशन थे, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अपनी जिन्दगी में उन्होंने बहुत कुछ किया। वे सरकारी नौकरी में रहे, सिविल सर्वेन्ट ररहे हाई कमिश्नर रहे, एक्बैसडर भी

रहे, काउंसलर भी रहे, ऐडवाइजर भी रहे, स्पैशल सैक्रेटरी भी रहे, परमानैन्ट रिप्रैजैन्टेटिव भी रहे, लेकिन बड़ा पूरा हिसाब उनके जीवन में रहा। जहां भी वे रहे, he remained as a pea-cock at the poultry. उन्होंने अपने आपको सही मायनों में पहचाना। उनमें बड़ा आत्म बल था और अपने स्वाभिमान को कायम रखने की कभी न दबने वाली शक्ति मैंने उनमें देखी। उन्होंने सन् 1965 का एक किस्सा सुनाया जब कि वे य.एन.ओ. में परमानैन्ट रिप्रैजैटेटिव थे। उस समय भारत का एक डेलीगेशन यू.एन.ओ. मं गया था, जिनकेस हैड सरदार स्वर्ण सिंह जी थ। भुट्टी साहब पाकिस्तान की तरफ से थे। भट्टो साहब ने यू.सन.ओ. में एक तकरीर दी, वह तकरीर ऐसी टाइप की थी जिसमें भारतवर्श के डेलीगेशन के मैंबरान थे, उनको अनाप–शनाप बातें कही गई थीं। स्पर्ण सिंह जी तो बड़े शरीफ आदमी थे, वे तो वाक–आउट कर गए। अगले दिन चक्रवर्ती साहब से नहीं रहा गया, उन्होंने उठकर इवान के के अन्दर बड़ी खबर ली। उनके मुझे सही लफ्ज याद हैं। वे उठकर कहने लगे–

"Mr. Charirman and fellow representatives, only yesterday, we hacve heard Mr, Bhutto from Pakistan who was addressing this House. His tone and tenor was strange and derogatory to India and its People. His main speaxh was direcred against us. it appeared that he was not speaking in this House but was speaking somewhere in the street of Mochi Darwaja of Lahore of Rawalpindi. It also appeared that he had taken two/three large pegs of whisky. It was not Mr. Bhuto

speaking but, in fact, whisky was speaking he was trying to show a drama of frustration and disappointment. He was trying to create scenes and making this House a fish market as he usually does in his own country."

जब भुट्टो साहब ने यह सुना तो वे उठकर कहने लगे —"Mr. Chairman, I lodge my protest and walk out from this House."

Then Mr. Chakravarty, referring to his walk out, on his back said:-

"Mr. Chairman he was right in quittiing this House. This House is comprised of most distinguished chosen from the countries of the world and people so fouled mouth like Mr. Bhuto have no place in such grand House and he does not deserve a place in this House."

ऐसी ऐसी बातें थी। उनके विशय में ही एक किस्सा और कहूंगा। एक बार हमारी प्राइस मिनिस्टर साहिबा चण्डीगढ़ में तशरीफ लाई थीं। चण्डीगढ़ के अन्दर कोई फंक्शन था। वहां जो प्रोटोकोल अफसर था, उसने चक्रवती साहब को जो सीट अलाट की, वह पहले नम्बर की बजाय दूसरे नम्बर पर अलाट कर दी। पहले नम्बर पर पंजाब के गवर्नर श्री पावटे साहब को अलाट कर दी। श्री चक्रवर्ती जो कहने लगे

"Madam Prime Minister when you would be holding this function tomorrow, I will not atten this function. Rather I will go to Pinjore,10 miles away from the place of function

because your Protocol Officer has alloted me a seat much behind to my junior."

उसी वक्त प्राइम मिनिस्टर साहिबा ने सीट ठीक करवाई। वे इतने स्वाभिमानी थे। जो भी उन्होंने अच्छे काम किए, वे हरियाणा में भुलाए नहीं जा सकते। मैं उनको हार्दिक श्रद्धांजलि पेश करता हूं।

स्पीकर साहब, अब्दुल गफ्फार खा भी हमेशा के लिए भुलाए नहीं जा सकते वे सारी तारीख के लिए रिकार्ड बन गए हैं। पाकिस्तान और हिन्दुस्तान की पार्टीशन के टाईम पर सबसे ज्यादा झगड़ास पंजाब में था। पंजाब से भी काफी रिफ्यूजी भाई यहां आए और यहां से भी काफी मुसलमान भाई पाकिस्तान को गए। जब उन्होंने यहां के और वहां के हालात बताए तो एकदम से आग भड़क उठी और जो मुसलमान भाई यहां हिन्दुस्तान में रहना चाहते थे, वे भी यहां से भाग गए, लेकिन खान साहब ऐसे हालात में भी हिन्दुस्तान में रहे। उन्होंने लोगों के साथ दोस्ती और ताल्लुकात ही नहीं रखे, बल्कि उन्होंने इलैक्शन लड़ा और उसमें कामयाब होते रहे। उन्होंने बड़ी शानदार रवायात कायम की, सैकुलेरिजम की मिसाल कायम की। उनके चले जाने से हरियाणा की और देश को काफी नुक्सान हुआ।

तालिब साहब के मुत्ताल्लिक तो चीफ मिनिस्टर साहब ने बताया कि वे सुभाश बाबू के साथी थे। सुभाश बाबू का नाम तो सदा तवारीख में अमर रहेगा। उनका नाम लेते ही इज्जत से सिर

झुक जाता है। तालिब साहब ने कितनी ही यातनाएं सही, जेल काटी। जब उनकी ऐसी बातें याद करते हैं तो हमें बड़ा गर्व होता है और यह महसूस होता है कि हमारे बीच से अच्छे व्यक्ति चले गए।

इसी तरह से दूसरे महानुभाव हैं। उनका भी बड़ा शानदाार कैरीयर थी। उन्होंने भी बड़ी अच्छी तालीम हासिल की थी। योग्यता ही में शक्ति है। इसलिए ये तमाम लोग बड़े योग्य थे। मैं उन सभी के प्रति शोक प्रकट करता हूं और उन सभी को हाार्दिक श्रद्धांजलि भेंट करता हूं।

श्रीमती चन्द्रावती (दादरी): स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने जो हमारे सामने शोक प्रस्ताव रखा है, इसका मैं समर्थन करती हूं। वैसे तो मुख्यमंत्री जी के बोलने के बाद कोई बात नहीं रह जाती है, लेकिन इस लिस्ट के अन्दर हमारे बहुत निकट के सहयोगी हैं, जिनको श्रद्धांजलि दिए बिना मैं नहीं रह सकती, जैसे कि खान अब्दुल गफ्फार खां और निरंजन सिंह तालिब। वे चोटी के कट्टर देशभक्त थे। उनकी इनसानियत, ईमानदारी और कट्टर देशभक्ति को भुलाया नहीं जा सकता हैं उसी तरह से बाबू तख्तमल जैन और मोहनुल हक चौधरी को भी मुझे निकट से जानने का अवसर मिला है। मैं इन दोनों महानुभावों को भी अपनी श्रद्धांजलि पेश करती हूं और दूसरे जितने भी महानुभाव हैं जो इस शोक प्रस्ताव में हैं और जिन्होंने देश के लिए बहुत काम किए हैं, उनको भी मैं श्रद्धांजलि पेश करती हूं।

श्रीमती लेखवती जैन (अम्बाला शहर): स्पीकर साहब, आज हाउस मे हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने जाो प्रस्ताव पेश किया है, उसका मैं पूरी तरह से समर्थन करती हूं। वैसे तो एक सैशन के बाद जब दूसरा सैशन आता है, तो हमें इसी तरह के शोक प्रस्ताव रखने पड़ते हैं। उस दौरान में कोई न कोई देशभक्त, महानुभाव हमारे बीच में से उठ जाता है। इस थोड़े पीरियड के अन्दर हमारे नौ देशभक्त, काम करने वाले उठे हैं। इन नौ देशभक्तों में से एक ऐसे व्यक्ति भी स्वर्गवास हो गए हैं, जिनके जाने से हरियाणा को बड़ी भारी हानि हुई है। वैसे तो सभी के लिए हमें अफसोस है, परन्तु हमारे भूतपूर्व गवर्नर श्री चक्रवर्ती के जाने से जो हरियाणा को और इस हाउस को चोट लगी है, उसो हम कभी नहीं भूल सकते हैं। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने अभी बताया है कि उन्होंने किस–किस पद पर कितने–कितने दिनों काम किया, परन्तु सबसे बड़ी बात यह है कि आज हरियाणा में जो इतना काम हुआ है, जिसकी तारीफ आज हमारे सारे मुल्क में है और हमारी प्रधानमंत्री महोदया जहां कहीं भी जाती हैं, वहां पर हरियाणा की तारीफ करती हैं। हरियाणा में जो भी काम हमारे भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसी लाल ने साहब और योग्यता के साथ किए हैं, वहां पर यह बात भी जरूरी है कि स्टेट के अन्दर गवर्नर और चीफ मिनिस्टर का को–ऑर्डीनेशन भी जरूरी है। जिस स्टेट के अन्दर चीफ मिनिस्टर और गवर्नर का को–ऑर्डीनेशन होता है, वहां पर काम ज्यादा होता है। यही एक वजह थी, जिस कारण से काम हुआ है। चक्रवर्ती जी की हमारे

भूतपूर्व चीफ मिनिस्टर, बंसी लाल जी के साथ भी और आज के चीफ मिनिस्टर श्री बनासरी दास जी के साथ भी को–आर्डीनेशन पूरी रही है। हमारे प्रदेश में इतना भारी काम हुआ है, इसलिए उनके जाने से हमें बहुत धक्का लगा है। जनाब जितने भी दूसरे व्यक्ति हैं, उन सबका भी हमें दु:ख है।

आज अम्बाला की होने के नाते से या उनकी देशभक्ति की वजह से मुझे खासतौर से खान अब्दुल गफ्फार खां के निधन का दु:ख है। आज वे हमारे दरमियान नहीं हैं। खान साहब ने अम्बाला के नाम पर चार चांद लगाए हैं। कई जगहों पर ऐसी–ऐसी बातें होती हैं, जो कभी भुलाई नहीं जा सकती। इसी तरह से अम्बाला के अन्दर भी खान अब्दुल गफ्फार की बात है। उनका अपना एक वोट भी और कोई अपने घर का वोट नहीं था, परन्तु जनता के सहयोग से वे हमेशा जीतने रहे। खान साहब तो वे व्यक्ति थे, जिनके इलैक्शन में हमारे पंडित जवाहर लाल नेहरू जी आया करते थे।

उनके इलैक्शन के वक्त एक बार जब सरदार प्रताप सिंह कैरों उनको स्पोर्ट करने के लिए गए, तो उन्होंने कहा कि देखिए, यह कांस्टीच्युऐंसी खान अब्दुल गफ्फार खां की न समझो, यह तुम समझो प्रताप सिंह करों की, कोई काम हो, तो उनके पास न जाओ, मेरे पास आओं अम्बाले वालो। तुम्हारे सारे काम मैं करूंगा। फिर आज में उनको किस तरह भूल सकती हूं। सन् 1921 से लेकर जो उन्होंने 1947 तक देश सेवा के काम किए, वह किसी

से भूले नहीं हैं। 1921 की मूवमैंट के बारे में तो मैं नहीं बता सकती, क्योंकि उस वक्त तो मैंने काम नहीं किया, क्योंकि मेरी उम्र बहुत थोड़ी थी, मगर सन् 1930 में मैं जानती हूं कि जब मैंने उनके साथ नमक का कानून अनाज मंडी में तोड़ और नमक बनाया। मुझे आज भी वह याद उनकी भूलती नहीं है, जब नमक बनाने के बाद जब फोटो होने लगी तो उन्होंने मुझे व लाला दुनी चन्द की लड़की को वहां खड़ा कर दिया। पिछले दिनों हमारे मिनिस्टर पोसवाल साहब जब वहां गए, तो मण्डी में जलसा हुआ उसमें भी उनका वहां जिक्र किया गया। नेहरू फैमिली के तो वे इतने प्योर थे कि हमारी प्राइम–मिनिस्टर इन्दिरा जी भी जहां पर वे रहते थे, अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए वहां गयी। इसके अलावा हमारे जो दूसरे महानुीााव इस संसार से चले गए, उनके लिए भी हमें बहुत दुःख है, इनमें लाला तख्त मल जैन जी जो मध्य प्रदेश के चीफ मिनिस्टर रहे, भी शामिल है। उनसे हमारे घर जैसे ताल्लुकात थे। यही नहीं कांग्रेस की मीटिंज में ही, हम और भी मीटिंज में जो हमारे समाज की या जैन बिरादरी की होती थी, उनमें भी अक्सर मिला करते थे। जिस वक्त वे ए.आई.सी.सी. के जनरल सैक्रेटरी थे, मैं जानती हूं कि उन्होंने कितना काम किया। और कम से कम बहिनों के प्रति उनके मान में बहुत श्रद्धा थी। जब भी कोई बहिन उनके पास जाती थी, तब वे उसकी बात बहुत ध्यान से सुनते थे। एक बार मुझे भी उनके पास जाने का मौका मिला। क्योंकि मेरे खिलाफ किसी ने कोई गलत शिकातय कर थी। जैसे ही मैं उनसे मिली, उन्होंने मुझे तसल्ली देने के

लिए काह, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहती, कहने लग कि उनके खिलाफ क्या लिखा है, यह देखो, तुम्हारे खिलाफ किसी ने कुछ लिख दिया तो क्या हुआ। इसकी इनक्वायरी मैं नहीं करूंगा। सुचेता कृपलानी करेंगी। इन शब्दों के सथ मैं जो आज हमारे बीच में नहीं है, उनके लिए दुख प्रकट करते हुए अपनी श्रद्धाजंलि के फूल उनके चरणों में अर्पित करती हूं और भगवान से यह प्रार्थना करती हूं कि स्वर्ग में उनकी आत्मा को शान्ति दे और उनके कुटुम्बजनों को इतने बड़े दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

Mr. Speaker: Hon. Members, after the last Session of the Vidhan Sabha we have lost number of eminent persons who distinguished themselve in the service of the country in various walks of life.

Haryana sufferd a grievous loss in the passing away of its former Governor, Shri B.N. Chakravarty, in the last week of March. Shri Chakravarty was an outsatnding administrator and diplomat. He distinguished himself in various capacities. As Indian's permanent representative at United Nations, he made his mark in the diplomatic spheres. He was also a competent and effective administrator, wise and sobre statesman. His valuable adivce and matured guidance will always be missed and his death has created a void which is hard to fill.

Khan Abdul Ghaffer Khan was my colleague, both in the Punjab Vidhan Sabha, Haryana Vidhan Sabha and also as a Minister in Haryana Government Government. He rendered a

great service to the State in the struggle for freedom and later in the post-Independence period. He was imprisoned many a time from 1921 to 1947. He was really a symbol of secularism.

Shri Niranjan Singh Talib,Member, Rajya Sabha and president, Punjab Pradesh Congress Committee, also passed away at the age of 75 in the last week of May. Shri Talib was also my colleague in Punjab Vidhan Sabha. He was also a Minister in Punjab. He worked with dedication for half a century both in the freedom struggle and later in the post-Independence period.

Shri Moinul Haque Chaudhri, former Union Minister for Industrial Development, died in the middle of February. He was a Minister in the Assam Government for ten years and was elected to the Lok Sabha in 1971.

Shri K.C. Reddy, former chief Minister of Karnatka, formed the first j jpopular Government in the erst-while State of Mysore in 1947. He remained a Minister in the Central Cabinet from 1952 to 1963, when he resigned on health grounds. He was appointed Governor of Madhya Pradesh in 1965 and held that office till 1971.

Shri A.K. Chanda, former Deputy Minister for External Affairs and Housin, died in the last week of April at the age of 70.

Shri Takhatmal Jain, former Chief Minister of Madhya Pradesh, also died on 7th June, 1976, at the age of 82. He also served as a Minister in Madhya Pradesh Government and was also Gerneral Secretay, All India Congress Committee.

Shri K.Subba Rao, former Chief Justice of India, died of a heart attack on May 6, 1976. He became Chief Justice of Andhra Pradesh High Court in 1954 and became a Judge of Superme Court in 1958 and Chief Justice of India in 1966.

Dr. Amir Singh Kalkat, Member, Punjab Vidhan Sabha, from Hosiarpur District, also died in the first week of March. He served as Chairman of Financial committees and was the Chairman of the Privileges Committee of Punjab Vidhan Sabha.

I fully associate myself with the deep feelings that have been expressed about the passing away of these great personalities. I shall no doubt convey the sympathies of this House to the bereaved families. Now I request you to kindly observe silence for two minutes while standing as mark of respect to the Deceased.

(At this stage, the House stood in silence for two minutes as a mark of respect to the memory of the deceased.)

मुख्यमंत्री (श्री बनारसी दास): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:—

कि स्वर्गीय श्री वीरेन्द्र सिंह नारायण चक्रवर्ती तथा अन्य नेताओं जिनके नाम इस सूची में दर्ज हैं, की पुण्य स्मृति के प्रति सम्मान के प्रतीक के रूप में सदन आज के लिए स्थगित कर दिया जाएं।

Mr. Speaker: Now the House stands adjourned till 2.00 p.m. tomorrow.

***15.40 बजे**

(The Sabha then *adjourned till 2.00 p.m. on Tuesday, the 6th July, 1976.